प्रतिभागियों को बतायें कि प्रशिक्षण को आसानी से बिना रूकावट के चलाने के लिए यह अच्छा होगा कि प्रशिक्षण नियम (ट्रेनिंग नॉर्म्स) तय किए जायें। इन नॉर्म्स का सभी प्रतिभागी व प्रशिक्षक पालन करेंगे। नियमों को एक फ्लिप चार्ट शीट पर लिखें। इन नियमों को तय करने के लिए प्रतिभागियों को नीचे दिए बॉक्स 1.1 में से कुछ उदाहरण दें।

**प्रशिक्षण के नियम**

- प्रशिक्षण के हर दिन और सत्र के प्रारंभ और अंत होने के समय का पालन करेंगे
- सत्रों के बीच के ब्रेक की संख्या और अवधि तय करेंगे
- सत्र के दौरान मोबाइल फोन शांत स्थिति (साइलेंट) पर रखेंगे
- सत्र के दौरान प्रतिभागी प्रश्न पूछेंगे
- एक दूसरे के लिए सम्मान रखेंगे
- सीखने के लिए सभी सक्रिय रूप से सत्र में भाग लेंगे
- एक समय में एक व्यक्ति ही बोलेगा
- सत्र के दौरान आपस में बातचीत नहीं करेंगे
- एक–दूसरे से सीखने के लिए अपने अनुभव बाँटेंगे